# नाला की जमीन पर अतिक्रमण, रैयतों की जमीन पर निगम बनायेगा नाला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

1932 के खतियान के अनुसार, पंडरा मौजा के खाता न0210 के प्लाट न01075 में कुल 39 डिसमील जमीन पर नाला है। हेहल अंचल के कर्मचारी और टाउन प्लानर ने भू मापी की तो नाला की भूमि पर अतिक्रमण पाया। दबंग लोगों ने उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का दुकान-मकान बना रखा है। इससे नाला पूरी तरह से बंद हो गया। अतिक्रमित नाले की जमीन गैर मजरुआ है। इस नाला के बंद होने से राधा नगर और शांति नगर में 5 से 6 फीट तक पानी भर जाता है। वहां रहने वालों का जीवन नारकीय हो गया है। इस इलाके के लोग लगातार नगर निगम से पानी हटाने की शिकायत कर रहे हैं। बड़े नेताओं तक भी इस बात की शिकायत पहुंची है। मगर कोई भी उस नाला को शुरू कराने में कामयाब नहीं हो पाया।




## निगम प्रशासन रैयतों को कर रहा है परेशान




रैयतों ने आरोप लगाया है कि गैरमजरूआ जमीन पर बने अतिक्रमित नाले को शुरू करने के बजाय नगर निगम रैयतों के खाली जमीन पर नया नाला बनाने की तैयारी कर रहा हैं। नया नाला बनाने के लिए रैयतों की जमीन पर बुलडोजर उतारी जा रही है। नगर निगम के रवैये से रैयत आक्रोशित हैं। इस संबंध में रैयतों ने आवेदन देकर नगर निगम प्रशासक से अपने हक व अधिकार की फरियाद लगायी थी। विदित हो कि ये आम गरीब रैयत पिछले 15 वर्षों से फरियाद मांगते आ रहे हैं। मगर अब,फरियादी पर ही नगर निगम शिकंजा कसने को तैयार हैं। नगर निगम उपप्रशासक रविन्द्र कुमार ने रैयतों को ही अपना स्वामित्व साबित करने को कहा है। रैयतों का कहना है कि नाला पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ने के बजाय रैयतों के जमीन पर नए नाला बनाने की तैयारी नगर निगम के कौन सी समझ को दर्शाता है?

### दिउड़ी मंदिर विवाद की स्थल रिपोर्टिंग

# विवाद बढ़ता गया ज्यों ज्यों नाम हुआ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। रांची-जमशेदपुर मार्ग एनएच 33 के किनारे तमाड़ स्थित 16 भुजी मां दुर्गा का मंदिर पहले स्थानीय मुंडा और पंचपरगना निवासी लोगों के बीच लोकप्रिय था और यहां की प्राचीन परंपरानुसार ब्राह्मण और पाहन पुजारी एक साथ पूजा कराते थे। टीम इंडिया के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बारे में जब यह बात मीडिया में फैली कि हर महत्वपूर्ण मैच खास तौर पर वर्ल्ड कप के पहले वे यहां सपत्नीक पूजा करने आते हैं तो अचानक यह छोटा सा अतिप्राचीन मंदिर अंतरराष्ट्रीय फलक पर चर्चित हो गया। मंदिर में दुकाने और भीड़ बढ़ने लगी और भव्यता भी जिसमें लोग बताते हैं कि धोनी ने गुप्त दान भी दिया था और दूर -दूर के बीएचकेटी जिनकी मान्यता पूरी हुई दान करने लगे। आज यह मंदिर फिर चर्चा में है झारखंड सरकार ने 8 करोड़ की लागत से इसका सौंदर्यीकरण करने का निर्णय किया जिसमें यहां यात्री सुविधाएं तथा पूजन सामग्री की दुकानों का निर्माण शामिल है। अचानक कुछ लोगों के बयान से यहां का माहौल गर्म है वहां से लौटकर आए संवाददाता ने विवाद और राजनीतिक गतिविधियों का जायजा लिया है। इस संबंध में बुंडू एसडीओ ने कहा कि पर्यटन विभाग से 8 करोड़ रुपए आए हैं। इससे काम चल रहा था। पहले काम का विवाद हुआ, फिर काम को रोक दिया गया। उसके बाद जमीन का विवाद हुआ। इसके बाद अन्य विवाद शुरू हुए है।

### मंदिर 1000 साल है पुराना

अधिवक्ता ललित महतो ने कहा कि दिउड़ी मंदिर का जमीन मंदिर के नाम पर है। यह मंदिर 1000 साल पुराना है। 500 से 600 सालों से इस मंदिर में दिशीपीढ़ी के ब्रह्मण पूजा करते आ रहे है। दिउड़ी मंदिर के पाहन, ब्रह्मण और बुंडु-तमाड़ के लोग इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। यहां विरोध कर रहे लोग बाहर से आ कर रह रहे हैं। किसी भी जमीन पर लगातार 12 वर्षों से सार्वजनिक काम हो रहा है तो उस जमिन पर किसी का मलिकाना हक नहीं रहेगा। यह धारा 147 में कहा गया है।

### मंदिर के ट्रस्ट में हैं कौन-कौन

मंदिर के ट्रस्ट में मनोनित अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, सचिव अंचल अधिकारी तमाड़, कोषाध्यक्ष मुख्य पुजारी दिउड़ी मंदिर, उपकोषाध्यक्ष मुख्य पाहन दिउड़ी मंदिर, सदस्य में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़, तमाड़ विधायक के प्रतिनिधि, खूंटी सांसद के प्रतिनिधि, तमाड़ मध्य के जिला परिषद सदस्य, अमलेशा पंचायत समिति सदस्य, अमलेश्वर मुखिया, तमाड़ थाना प्रभारी, दिउडी ग्राम प्रधान और विशेष आमंत्रित सदस्य सत्येंद्र नाथ शाहदेव है।




# बगैर नक्शा स्वीकृति के चल रहे बार व रेस्टोरेंट को बंद करें : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने खूंटी में अफीम की फसल को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि राजधानी रांची में बगैर मैप स्वीकृति के चल रहे हैं रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को तत्काल बंद करें। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर क्षेत्र में कई रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट चल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मैप की स्वीकृति भी नहीं ली है, रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाकर रांची नगर निगम एक्शन टेकन रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करे। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि रांची में अधिक संख्या में रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट चल रहे हैं, इन्हे बंद किया जाय। कोर्ट ने मौखिक कहा की रांची के हरमू रोड स्थित द कावस रेस्टोरेंट के पास पार्क में गांजा, अफीम, चरस जैसे मादक पदार्थों की बिक्री होती है, इसे रोका जाए। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। कोर्ट ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अधिवक्ता को कावस रेस्टोरेंट के पास पार्क को रांची नगर निगम को दो सप्ताह में हस्तांतरित करने का निर्देश भी दिया है, ताकि रांची नगर निगम द्वारा यहां जल्द से जल्द टेंडर कर पार्क का सौंदर्यीकरण संभव हो सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि रांची सहित पूरे राज्य में गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थ की बिक्री रोकने को लेकर अभियान चल रहा है। प्रतिदिन मादक पदार्थों के तस्कर पकड़े जा रहे हैं। कोर्ट ने सरकार को अफीम, चरस और गांजा जैसे मादक पदार्थों के सौदागरों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का निर्देश दिया है।

# नामकुम में चोरों ने सेंधमारी कर दुकान से 10 लाख के जेवर उड़ाए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामकुम थाना क्षेत्र के कनक कांप्लेक्स स्थित मां भवानी ज्वेलर्स में चोरों ने सेंधमारी कर लगभग 10 लाख रुपये का जेवरात चुरा लिया। घटना बुधवार रात की है। दुकानदार गुड्डू सोनी ने बताया कि वह प्रतिदिन दुकान बंद कर अपने साथ दुकान के जेवरात ले जाता था। बुधवार की रात जेवर छोड़कर नामकुम निवासी एक रिश्तेदार के घर सतइसा कार्यक्रम में शामिल होने नामकुम सदाबहार चौक गया था। सुबह लगभग नौ बजे जब दुकान खोली तो देखा कि दुकान में रखा लॉकर टूटा है और पूरा जेवर गायब है। पीड़ित ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद सभी लोग दुकान पहुंचे तो देखा कि पीछे की दीवार में सेंधमारी कर चोर दुकान में घुसे थे। सूचना मिलने पर नामकुम पुलिस पुलिस ने छानबीन की तो दुकान के पीछे सेंधमारी में इस्तेमाल किए गए औजार बरामद कर लिए गए। थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि पीड़ित गुड्डू सोनी ने 100 ग्राम सोना और साढ़े चार किलोग्राम चांदी का जेवर चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# फ्लाईओवर निर्माण के लिए 26 से छह अक्तूबर तक मिलेगा रेलवे ब्लॉक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिरमटोली से लेकर राजेंद्र चौक को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन ने ब्लॉक की मंजूरी दे दी है। रेलवे ने 13 सितंबर से ही काम करने की अनुमति दे दी थी। लेकिन एलएंडटी कंपनी ने शुक्रवार से काम करने की इच्छा जताई है। पथ निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ने रेलवे को लिखे पत्र में ट्रैफिक ब्लॉक के लिए 26 सितंबर से छह अक्तूबर तक की तिथि निर्धारित की है। इस अवधि में आठ दिनों का रेलवे ब्लॉक लिया जाएगा। प्रतिदिन दो से चार घंटे रेलवे ब्लॉक रखकर फ्लाईओवर का काम किया जाएगा।

### दर्जनभर ट्रेनें हो सकती हैं प्रभावित

रांची से हटिया के बीच प्रतिदिन 100 से ज्यादा पैसेंजर ट्रेन व मालगाड़ियां चलती हैं। किस ट्रेन को रद्द और आंशिक समापन किया जाएगा, इसकी पुष्टि रेलवे प्रशासन ने नहीं की है। ऐसा इसलिए कि जिस दिन से निर्माण शुरू होगा, उससे एक दिन पहले निर्माण अवधि में चलने वाली ट्रेनों को ही रद्द और आंशिक समापन किया जाएगा। उम्मीद है कि हटिया-टाटानगर, हटिया-आसनसोल इंटरसिटी, क्रियायोग, हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस, हटिया-वर्द्धमान पेसेंजर, हटिया-इस्लामपुर, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनें प्रभावित हो सकती हैं।

# जेल मोड़ से लालपुर जाने वाली सड़क दे रही दुर्घटना को आमंत्रण



**रांची।** राजधानी रांची की सड़के दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। जेल चौक से लालपुर जाने वाली सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। रांची महिला कॉलेज के साइंस ब्लॉक के पास लगभग 50 मीटर सड़क तक सड़क धसी हुई है। न्यूक्लियस मॉल पार करते ही सड़क जहां तहां से टूटी है। कुछ गड्ढे ऐसे भी है जो रात को अगर कोई गाड़ी यहां से गुजरती है, तो गाड़ी सड़क के पलट भी सकती है। सबसे ज्यादा खतरा ई-रिक्शा और दोपहिया वाहनों को है। जहां-तहां सड़क के ऊपर पत्थर है। दरअसल सड़क के पास अंडरग्राउंड पाइप बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था।

### नगरीय सुविधाओं को लेकर रांची सिटीजन फोरम ने की बैठक

# रांची के सभी वार्ड में फोरम का वार्ड समिति होगा गठित : दीपेश निराला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची सिटीजन फोरम के पदाधिकारी की बैठक अपर बाजार स्थित लालजी हिरजी रोड़ में दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फोरम के विगत कार्यों की समीक्षा करते हुए रांची की वर्तमान नारकीय स्थिति पर चर्चा की गई। रांची के विभिन्न वार्डों में जल-जमाव से आम जनमानस काफी परेशान है, लोगों के घरों और प्रतिष्ठानों में गंदा पानी घुस जा रहा है, नालियां पूर्ण रूप से साफ नहीं है, जिसके कारण ड्रेनेज व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट हो गया है और बरसात के साथ नाली का कचरा सड़कों पर बह रहा है, और सड़कों की स्थिति काफी खराब हो चुकी है, कनेक्टिंग गालियां तो इतना टूट गया है कि वहां अक्सर एक्सीडेंट होने लगा है तथा राजधानी की स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी तथा ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है, कई जगहों पर अंधकार होने से अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इन सब समस्याओं को देखते हुए रांची सिटीजन फोरम ने रांची के सभी 53 वार्ड अंतर्गत अपने फोरम का वार्ड समिति के गठन करने का निर्णय लिया है। रांची सिटीजन फोरम सभी 53 वार्ड के कर्मठ, ईमानदार और लगनशील वैसे नागरिकों को अपने से जुड़ने हेतु आमंत्रित करती है, जो निष्पक्षता के साथ निःस्वार्थ भाव से रांची में अपने-अपने वार्ड के बेहतरी के लिए व्यापक जनहित में कार्य करना चाहते हैं, इसके लिए फोरम से जुड़ने हेतु आप सीधे फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला को उनके व्हाट्सएप्प नंबर 8002830808 में संपर्क कर सकते हैं।

# न्यूज बॉक्स

## डोरंडा कॉलेज में प्लेसमेंट पर वर्कशॉप



**रांची।** निर्लवाना एकेडमी ऑफ प्लेसमेंट ट्रेनिंग द्वारा डोरंडा कॉलेज में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कंपनी द्वारा हवाई, आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में जॉब दिया जाता है। कंपनी द्वारा तीन से चार महीने का ट्रेनिंग दिया जाता है । कंपनी के डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल ने प्लेसमेंट और ट्रेनिंग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 12वीं पास छात्र जॉब और ट्रेनिंग कर सकते हैं। इस कंपनी में बीसीए की स्टूडेंट खुशी रानी मिंज का प्लेसमेंट हुआ। उनका सैलरी 21 हजार रुपये प्रति महीना है। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा द्वारा खुशी रानी मिंज को बधाई और शुभकामनाए दिए और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसमें मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा, वोकेशनल कोर्सेज के कोऑर्डिनेटर डॉ पप्पू कुमार रजक, कंपनी के डायरेक्टर वर्षा अग्रवाल, अमरीन हाशमी फाउंडर द ट्रेनर, बीसीए के डॉ अमरदीप कुमार ,ममता कुमारी,फरजाना खातून, अवधेश कुमार उपस्थित थे।

## एलुमनी मीट का हुआ आयोजन



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड इकाई द्वारा गेट-टूगेदर सह एलुमनी मीट 2024 का सफल आयोजन किया गया। पारंपरिक शैली में आगंतुकों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन खेल आयोजित किए गए। संस्थान से पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। मौके पर प्राचार्या डॉ शुभ्रा ठाकुर, डॉ अनीता मिश्रा, डॉ भावना झा, डॉ शोभा सिंह, हेमंत कुमार सहित सभी व्याख्याता एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

## स्वच्छता देवत्व के भाव को विकसित करता है : एसके मिश्रा




**रांची।** डीएवी हेहल में सीबीएसई द्वारा निर्देशित स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी के संग विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्य में सहर्ष हिस्सा लिया। विदित हो कि यह पखवाड़ा 1 से 15 सितंबर तक मनाया जायेगा। इस अभियान के तहत अलग -अलग दिनों में अलग- अलग कक्षा के विद्यार्थियों ने आस-पास के लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यों जैसे-पोस्टर मेकिंग, सेनेटाइजेशन, स्लोगन आदि में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के लिए, शुद्ध वातावरण व पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे हमारे व्यक्तित्व की पहचान होती है। इसके साथ ही यह चरित्र निर्माण में भी सहायक होती है। यदि हम जगह और जिगर दोनों से स्वच्छ रहें तो हमारा सर्वांगीण विकास होगा। हमारे अंदर उच्चकोटि की भावनाओं से मानवता का विकास होगा ,जो राष्ट्र के विकास में स्वाभाविक रूप से सहायक होगा। अतः आवश्यक है कि हम स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें और स्वयं, समाज अथवा देश के विकास में सहयोग करें।

## युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विवि के कुलपति से मिला



**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विवि के कुलपति प्रो . अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात किया। वहीं छात्रों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा यूजी में अन्य विषय पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी पीजी में नागपुरी भाषा पढ़ने की अनुमति दी जाए। शुक्ला ने आगे कहा कि नागपुरी झारखंड की प्रमुख भाषा है। इसकी पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालय में होती है। आज विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा या झारखंड पब्लिक सर्विस कमिशन जीएससीसी यूजीसी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा में मुख्य विषय में रखी जाती है। इस पर कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने एक सप्ताह का समय मांगा और कहा कि इस मामले को राज्यपाल के समक्ष रखकर उनसे आग्रह करेंगे।

## धुर्वा में महिला को जख्मी कर चेन छीनी

**रांची।** धुर्वा सेक्टर वन निवासी रोजी मिश्रा नामक महिला से बाइक सवार तीन अपराधी मंगलवार को सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। जगन्नाथपुर थाने में दर्ज केस में उन्होंने बताया कि वह बेटी के साथ शाम में वाईवीएन स्कूल के पास गयी थीं। तभी स्पोर्ट्स बाइक से आए तीन अपराधी गले से चेन खींचकर भाग निकले। इस बीच महिला के गले पर खरोंच भी आई। चेन की कीमत करीब एक लाख रुपए थी।

# राजधानी में 14 और 15 को भारी बारिश की संभावना

**13** को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश

**16** को राज्य के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोनिक सकुर्लेशन और साउथ-वेस्ट मानसून झारखंड में सक्रिय है। राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में हल्की बारिश देखी गई। वहीं, 14 और 15 सितंबर को राजधानी में भारी बारिश की संभावना है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 35.9 डिग्री गोड्डा व सबसे कम तापमान 23.1 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। सबसे अधिक वर्षा 32 मिमी रामगढ़ में दर्ज की गई। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में अच्छा खासा पड़ने वाला है। कुछ जिलों में तेज बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है, इसलिए लोगों को काफी सचेत रहने की जरूरत है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 16 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 13 सितंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश होने की संभावना है जबकि अन्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इसमें दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज में भारी बारिश की संभावना है। 14 और 15 सितंबर को मध्य, दक्षिणी पश्चिम और उत्तर पूर्व में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इसके तहत दुमका, गोड्डा, गढ़वा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, साहेबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की जानकारी दी गयी है। इस दौरान इन जिलों में भारी बारिश के साथ ही वज्रपात के लिए भी चेतावनी जारी की गयी है। 16 सितंबर को राज्य के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके लिए विभाग ने येलो अर्लट जारी किया है। इस दिन पलामू, लातेहार, गढ़वा में भारी बारिश की संभावना है।

### डीएसई ने राजकीय मध्य विद्यालय करमटोली का किया निरीक्षण, कहा

# विद्यालय में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा करा लिया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज गुरुवार को राजकीय मध्य विद्यालय करमटोली का निरीक्षण किया। इस विद्यालय में कुल 281 छात्रों का नामांकन है एवं उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। यहां केवल तीन शिक्षक पदस्थापित है, शिक्षकों की कमी के बावजूद विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। छात्रों से सवाल-जवाब करने पर छात्र आत्मविश्वास के साथ जवाब दे पा रहे थे। विद्यालय में संसाधनों की कमी पाई गई। कक्षाओं के लिए कमरे का अभाव पाया गया। किचन कक्ष साफ सुथरा पाया गया। जिसपर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा पोषण वाटिका को व्यवस्थित तरीके से विकसित करने का निर्देश दिया एवं विद्यालय परिसर की भी साफ सफाई कराने को कहा। प्राचार्य कक्ष को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की विद्यालय में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा करा लिया जाएगा। विद्यालय में कोल इंडिया के सौजन्य से उरफ के तहत संसाधन एवं शिक्षक भी प्राप्त है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लुपुंग पंचायत में आपके द्वारा आपकी सरकार कार्यक्रम में बुधवार के दिन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के द्वारा अबुआ स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉक्टर विवेक कुमार के नेतृत्व में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 75 लोगों का बीपी, शुगर, सिकल शेल एनीमिया की जांच की गई। मौके पर डॉक्टर विवेक ने रोगियों को स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सारी बातों को बताया। मौके पर मीठी, एएनएम सुनंदा जायसवाल, कलावती, एमपीडब्ल्यू सुरेंद्रनाथ महतो, लुपुंग पंचायत की मुखिया सीमा गोंझूऔर टुटकी पंचायत की मुखिया शर्मिला कुमारी मौजूद रही।

### लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना

**मांडर।** गुरुवार को लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल हेसल घुघरी में शिक्षक दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य संजय गोप ने विद्यार्थियों को पठन-पाठन के साथ -साथ विद्या के पांच आधारभूत स्तंभ मानसिक, शारीरिक, प्राणिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाने माता-पिता एवं सभी गुरुओं को आशीर्वचन के साथ-साथ देश का मुख्य स्तंभ बताया। कहा की समाज में शिक्षक का महत्व पूर्ण स्थान हैं। उन्होंने आदर्श समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। इस बीच बच्चों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हिंदी नागपुरी गाना पर डांस और हिंदी इंग्लिश में भाषण और नाटक प्रस्तुत किया गया।

### डॉ विनीता कुमारी पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू की नई प्रिंसिपल बनी

**बुंडू ।** पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू में नई प्रिंसिपल डॉ विनीता कुमारी को बनाया गया है। ज्ञात हो कि पांच परगना किसान कॉलेज छात्र संघ के नेता राजू कुमार उर्फ राजीव के नेतृत्व में छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल नई प्रिंसिपल डॉ विनीता कुमारी को बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर छात्र नेता राजू कुमार ने गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण, बीएड और बाकी विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करने तथा शैक्षणिक माहौल अच्छा बनाने की मांग की। नई प्रिंसिपल ने छात्रों की मांग को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने ले जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में केशव महतो, अनिल कुमार, नरसिंह महतो, राजेश महतो, रोशन कुमार और विष्णु प्रसाद आदि छात्र मौजूद थे।

### अग्रवाल बंधु हत्याकांड के आरोपी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल हत्याकांड में सजायाफ्ता धर्मेंद्र कुमार तिवारी की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करके हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। धर्मेंद्र इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश चौधरी का अंगरक्षक था और उसी की गोली से अग्रवाल बंधुओं की हत्या हुई थी। लोकेश को जमानत देने से हाईकोर्ट ने पहले ही इनकार कर दिया है। आरोप है कि धर्मेंद्र ने लोकेश के कहने पर गोली चलाई थी। इसमें हेमंत और महेंद्र की मौत हो गई थी। पुलिस जांच में पता चला था कि गोली धर्मेंद्र की राइफल से ही चली थी। पुलिस ने घटनास्थल से मिले खोखे और राइफल की जांच की थी। हत्याकांड में निचली अदालत ने जून 2023 में लोकेश, सुनील सिंह, धर्मेंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लोकेश और धर्मेंद्र ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर कर चुनौती दी है।

---

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मामलों का हुआ निष्पादन

# मुखियों की हड़ताल खत्म होते ही पंचायतों में उमड़ी लाभुकों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं को लाभुकों के पंचायत और गांव तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम तक लाभुकों का पहुंचना और आवेदन देना बड़ी प्राथमिकता है। नियमानुकूल सभी लाभार्थियों को उनके योग्य योजना का लाभ निश्चित रूप से दिया जाएगा। उन्होंने लाभुकों को बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल फिलहाल बंद कर दिया गया है। लेकिन जैसे ही पोर्टल चालू होगा ऑनलाइन आवेदन सबमिट होगा। इस मौके पर पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 961 मामलों में से 291 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। सर्वाधिक अबुआ आवास के 337 आवेदन प्राप्त किए गए। वहीं प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बहुत ही बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। अगर किसी योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा तो यह समझना चाहिए कि लाभुक में किसी तरह की जागरूकता नहीं है। वहीं सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने कहा कि मुखिया संघ से जुड़े सभी मुखिया की हड़ताल टूट गई है। सभी मुखिया अब काम पर जुट गए हैं। इसी का असर है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष सापुकेरा पंचायत पहला पंचायत है जहां सर्वाधिक लाभुकों की उपस्थिति देखी जा रही है।

# झामुमो ने किया पंचायत सम्मेलन का आयोजन



*झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है*

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन दोपहर 2 बजे गोड़ाडीह बाजार टांड़ में पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष भोंदू सिंह नायक ने किया एवं सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो ने किया। सभा में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को हम लोगों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है जिससे जनमानस को लाभ मिल सके। वर्तमान सरकार विकास के लिए दृश्य संकल्पित है। मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू महतो, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, उपाध्यक्ष अनिल बेदिया, वरिष्ठ नेता फखरुद्दीन राय, गोड़ाडीह पंचायत प्रभारी दिलीप कुमार महतो, लोटा पंचायत अध्यक्ष उपेंद्रनाथ महतो, गोड़ाडीह पंचायत मुखिया सावन देवी, मोहर्रम मोमिन, गदाधर गोस्वामी, कांतो बेदिया, नकुल सिंह मुंडा, शिवचरण घटवार,सोहराय मसली, काजरू घटवार, जेरका बेदिया, लोलो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### करमा पूजा को लेकर ग्रामीणों से मिलने पहुंचे : डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर।** गुरुवानर को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड के बिसाहखटंगा में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान इन्होने करम पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दिए एवं गांव के गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनके समस्याओं को जानने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कई तरह के मूल भूत समस्याओं से डॉ. परमेश्वर भगत को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा की हम सभी पिछले कई वर्षों से ठगे हुए महसूस कर रहे है, ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि हम तक कोई भी लाभकारी, कल्याणकारी योजना सीधे तौर पर नहीं पहुंच पाती है। छोटी बड़ी कोई भी योजना का लाभ लेने के लिए बिचौलियों का सामना करना पड़ता है जो की दुखद है। योग्य होते हुए भी अयोग्य घोषित कर मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाता है।

### फन क्लब डकरा ने जीता चामा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल



**खलारी।** चामा पानी महुआ मैदान चामा में खेले गए तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच फन क्लब डकरा की टीम ने जीत लिया। फाइनल मैच कलटू किंग बनाम फन क्लब डकरा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें फन क्लब डकरा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक गोल के अंतर से मैच जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पूर्व गुरूवार को ही प्रतियोगिता का दोनों सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल में फन क्लब डकरा ने जेएससी चोड़ा की टीम को हराया। दूसरा सेमीफाइनल मैच में कलटू किंग की टीम ने आदिवासी ब्रदर मड़माडू को हराया। प्रतियोगिता में उपविजेता कलटू किंग, तीसरे स्थान पर आदिवासी ब्रदर मड़माडू व चौथे स्थान पर जेएससी चोड़ा की टीम रही। फाइनल मैच समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामनारायण भगत तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता राकेश मिश्रा व चामा पंचायत मुखिया विश्वनाथ भगत थे। अतिथियों ने विजेता टीम को खस्सी सहित 8 हजार रूपए नगद तथा उपविजेता टीम को खस्सी व 6 हजार रूपए नगद पुरस्कार दिया। वहीं तृतीय स्थान पर रही आदिवासी ब्रदर मड़माडू की टीम को 4 हजार व चौथे स्थान पर रही जेएससी चोड़ा की टीम को 3 हजार रूपए का पुरस्कार दिया गया।

### चेहल्लुम मेले का हुआ आयोजन



**मांडर।** मलती पंचायत अंतर्गत सेंट्रल मुहर्रम कमिटी मलती की ओर से दुमदुमिया मेला टांड़ में गुरुवार को चेहल्लुम मेला का आयोजन किया गया। मेले में 19 गांव के मुहर्रम अखाड़ों उपस्थित हुए और लाठी तलवार व अन्य शस्त्रों के हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किए । आयोजन कमिटी की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को नगद व तलवार देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले मेला की शुरूआत मांडर थाना के दरोगा अरविंद कुमार व जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने तलवार भांजकर की। रबूल ने अखड़ा धारियो को सम्बोधित करते हुए कहा यह त्यौहार मुसलमानों को इमाम हुसैन के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। यह त्यौहार इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने न्याय, समानता और सत्य के लिए अपना बलिदान दिया था। यह त्यौहार त्याग और बलिदान की भावना को याद करने का भी समय है। मौके पर जुमाउदीन अंसारी, रशीद अंसारी, मोजहिर अंसारी, ईरशाद अंसारी, मो इम्तियाज, मो अलीम, आलम अंसारी, हासिम अंसारी, मनवर अंसारी, सगीर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# शहीद वीर बुधू भगत इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** शहीद वीर बुधू भगत इंटर कॉलेज में गुरुवार को दो हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदी विषय की महता को बतलाते हुए डॉ सुशील कुमार मिंज ने कहा कि हिंदी भाषा देश को एक सूत्र में पिरोये हुए हैं । हमें अपने व्यवहार में हिंदी को ज्यादा से ज्यादा लाना चाहिए। उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामना दी। वही मौके पर बोलते हुए उप प्राचार्य मोहसिन खान ने कहा कि भारत जैसे विविध संस्कृति वाले देश को हिंदी में ही एक सूत्र में जोड़ने की क्षमता है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग संस्कृति सभ्यता रीति रिवाज देखने को मिलती है। अलग भाषा मिलती है। लेकिन हम सभी को हिंदी एक सूत्र में बंधे हुए हैं। इस दिवस को लेकर नाटक, भाषण सहित कई प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विषय की व्याख्याता आशा कुमारी ने किया। मौके पर सुकरमनी उरांव, नीलिमा टोप्पो, उदय नारायण सिंह, साबिर अंसारी, सैफुल्लाह अंसारी, आफताब आलम , कुलदीप एक्का, सीताराम साहू, विकास उरांव समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षा के तार कर्मचारी उपस्थित थे।

# सचिवालय में तीसरे दिन भी कामकाज रहा ठप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सचिवालय में तीसरे दिन भी कामकाज ठप रहा। सचिवालय सेवा संघ के बैनर तले सचिवालय सेवा के पदाधिकारी-कमार्चारी गुरुवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। तीन दिनों में फाइलों का अंबार लग गया। लगभग 10 हजार फाइलों का मूवमेंट पूरी तरह से रूक गया। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद से बताया कि कल से सचिवालय सेवा के पदाधिकारी-कर्मचारी काम पर वापस लौटेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। बताते चलें कि सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-करर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलनरत हैं।

**कार्मिक सचिव छुट्टी पर गए**

कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो भी छुट्टी पर चले गए हैं। इससे पहले मेंबर बोर्ड ऑफ रेवेन्यू की अध्यक्षता में हुई बैठक बेनतीजा रही। बैठक में कार्मिक सचिव और वित्त सचिव ने कहा था कि पद सृजन के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। जो 15 दिनों के अंदर संघ की मांगों पर निर्णय लेगी। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने कहा कि बैकलॉग के पद दे दिए जाएंगे। इसके बाद कमेटी का बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कमेटी की रिर्पोट आने में काफी समय लग जाएगा। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि संघ के प्रस्तावों पर पहले से ही मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

### संघ की है छह मांगें

- सचिवालय सेवा के पदाधिकारी व कर्मचारी की लंबित प्रोन्नति दी जाये। प्रशाखा पदाधिकारी के पदों पर
- भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दें।
- प्रशाखा पदाधिकारियों को अकार्यात्मक वेतनमान की स्वीकृति दें।
- सचिवालय सेवा के उप सचिव एवं संयुक्त सचिव स्तर के पदों का सृजन हो।
- संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव व प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रोन्नति मिले।
- शिशु शिक्षण भत्ता दें और सचिवालय सेवा के मूल कोटि के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती हो।

करमा पूर्व संध्या का आयोजन, मांदर की थाप पर झूमे लोग

# संस्कृति की धरोहर है करमा पर्व



*खोड़हा नृत्य मंडली के साथ अतिथियों ने मांदर बजाते हुए खूब नृत्य किया*

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** करमा आदिवासियों और मूलवासियों की साझा संस्कृति और पूर्वजों की धरोहर है। हमें अपनी संस्कृति और परंपरा बचाए रखने की जरूरत है। भाई और बहन के प्यार एवं प्रकृति का पर्व करमा हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उक्त बातें बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में प्रखंड स्तरीय 25 वीं करम पूर्व संध्या कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड में अति प्राचीन काल से लोग मिल-जुलकर पर्व त्यौहार मनाते आए हैं। यही हमारी असली ताकत भी है। वहीं सरना समिति और करम पूर्व संध्या समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि करमा पर्व हमारे समाज की सबसे बड़ा पर्व त्यौहार में से एक है। यह हमारे पूर्वजों की धरोहर है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज ही हमारी अपनी पहचान है। हमें इसे सहेजकर रखना होगा। यही हमारी पहचान है। इस अवसर पर लापुंग और बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए खोड़हा नृत्य मंडली के साथ अतिथियों ने मांदर बजाते हुए खूब नृत्य किया। वहीं मंच का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने किया। कार्यक्रम के दौरान देवगांव के फगुआ भगत की टीम सहित कोयनारा, डुरू, बलांदु चुपा टोली की टीम, रश्मि उरांव चाल्हो, हुटार नृत्य मंडली, विजय मुंडा पुरियो, श्रद्धा उरांव नृत्य मंडली, बचपन बिरसा स्कूल तेतर टोली, सुनील टोप्पो करम नृत्य करंज टोली, सोनामणी उरांव एवं सुका उरांव मुरतो की टीम, गंदुर उरांव पलमा की टीम, बिरसा भगत केशा की टीम, डुमरकोचा मुरतो की टीम, एतवा उरांव लमकाना की टीम, कोईलीदई आवासीय विद्यालय मनखा मुंडा की टीम, करमा उरांव कुर्गी, डुरु लापुंग की टीम, राजमुणी तिग्गा मुरतो मठटोली की टीम, रवि पाहन तुको, सुका तिर्की कोयनारा लापुंग की टीम सहित दर्जनों खोड़हा नृत्य दलों ने देर रात तक करमा गीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया।

# परेशानी का सबब बन गया है मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क का अधूरा भाग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क के बीच अधूरा भाग लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्टेट हाईवे आथारिटी आफ झारखंड के द्वारा 46 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कराया गया है। इसके निर्माण करीब 150 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। इस सड़क का महत्व ज्यादा इसलिए भी है कि एक ओर यह सड़क जहां कोयला उद्योग क्षेत्र को जोड़ता है वहीं पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन अंतर्गत बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड के समानान्तर है। परंतु इस सड़क में खलारी तथा बचरा के निकट दो जगहों पर भूमि विवाद को लेकर कुछ भाग अधूरा छोड़ दिया गया। इस सड़क पर हल्के से लेकर भारी वाहनों का लगातार परिचालन हो रहा है। एक अच्छी कनेक्टीविटी होने के कारण इस सड़क पर हैवी ट्रैफिक है। ऐसे में सड़क का अधूरा भाग कच्चा होने के कारण बड़े बड़े गड्ढों से पट गया है। पिछले दिनों के भारी बरसात के कारण सड़क के इस भाग की स्थिति और भी खराब हो गई है। खलारी अंचल अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत के चूरी में सड़क निर्माण की जगह पर एक स्थानीय रैयत का दावा है। सड़क निर्माण के लिए 150 करोड़ रूपए खर्च कर दिए गए परंतु विभाग ने रैयत के जमीन का मुआवजा नहीं दिया।

# मृतका के परिजन से मिले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में दौड़ने के बाद बीमार पड़कर मरने वाली आरती केरकेट्टा के परिजनों से बिजुपाड़ा स्थित आवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मिले। मृतका के पति को एक लाख रुपया आर्थिक सहायता भी दिये। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो उत्पाद सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में जान गंवाने वाले सभी अभ्यर्थियों के परिजनों को 50 लाख रुपए की सहायता राशि साथ ही आश्रितों को एक-एक सरकारी नौकरी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। यह सरकार हत्यारी सरकार है। यही कारण है कि राज्य की एक बेटी की जान चली गई और सरकार का कोई एक नुमाइंदा यहां उनका हाल जानने तक नहीं पहुंचा। आज तक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के इतिहास में राज्य के इतने युवाओं ने अपनी जान नहीं कमाई होंगे। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर, अमरनाथ महतो, शफीक अंसारी, विजय सोनी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चोरेया में करमा पूर्व संध्या का आयोजन

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के चोरेया गांव में गुरुवार को करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। इसका आयोजन 21 पड़हा बनगंवा, चान्हो, मांडर और बुढ़मु की ओर से किया गया था। जिसमे बिभिन्न गांवो से 28 खोढ़ा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो तथा विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी मौजूद थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि झारखण्ड की पहचान ही इसकी परंपरा और संस्कृति है। आदिवासी शुरू से ही परंपरा के वाहक रहे हैं।आदिवासी समाज को जो हमरे पुरखो ने बचा को रखा है उसे संजो कर रखना है और हमें अपने बच्चों को विरसात में देना है। इसके लिए हमारे युवा को आगे आना होना होगा और धर्म और संस्कृति को बचाना होगा। कुछ लोग नहीं चाहते कि पेशा कानून लागु हो इस्से हमारा जल जंगल जमीन की रक्षा हो। जिससे हमारा ग्राम प्रधान, ग्राम सभा मजबूत होगा। ऐसे आयोजन से हमारा समाज एकजुट होगा।

### रांची में भेड़ियों का आतंक, बकरी चराने गए ग्रामीणों पर किया हमला

**रांची।** रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के सुदूर क्षेत्र बींजा में भेड़ियों के हमले में दो ग्रामीण घायल हो गए हैं। दोनों ग्रामीण बकरी चराने के लिए जंगल गए थे। उसी दौरान भेड़ियों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया। दोनों ग्रामीणों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के बुढ़मू थाना अंतर्गत पड़ने वाले बींजा भैजबोना वन क्षेत्र में बकरी चराने गये दो ग्रामीणों पर जंगली भेड़ियों ने हमला कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना बुधवार शाम की है, जब बींजा गांव निवासी बहुरा गंझू 40 वर्ष और बैजा भुईयां 60 वर्ष जंगल से बकरी चराकर लौट रहे थे, उसी समय भेड़ियों ने हमला कर दिया। दोनों पर दो भेड़ियों ने सामूहिक हमला किया था। घायल ग्रामीणों का इलाज पहले गांव के चिकित्सकों ने किया उसके बाद उन्हें दूसरे अस्पताल में भी ले जाकर इलाज करवाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि चार से पांच की संख्या में आदमखोर भेड़िया जंगल में आ गये हैं। जो जानवरों पर हमला कर रहे हैं।

# गणपति बप्पा की हुई महाआरती, भंडारे में उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणपति बप्पा के महोत्सव के पांचवें दिन गुरुवार को ढोल नगाड़ा गाजा बाजा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच गणपति बप्पा का सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद महाआरती का कार्यक्रम देर शाम आकर्षण का केंद्र बनी रही। गुरुवार को भंडारा कार्यक्रम के दौरान हजारों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने कतार में लगकर खिचड़ी के महाप्रसाद का आनंद लिया। लगातार पांचवें दिन पंडाल में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा की पुजारी अशोक पंडा एवं सोनू पंडा की देखरेख एवं नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के कार्यकताओं ने अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य पुजारी अशोक पंडा एवं सोनू पंडा के नेतृत्व में हिस्सा लिया। इसके पूर्व पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की,अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, हिंदु वादी नेता भैरव सिंह, झारखंड राज्य स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक प्रमुख डॉ प्रवीण चन्द्रा, डॉ परमेश्वर भगत, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर सहित कई विशिष्ट लोगों परिवार सहित गणपति बप्पा का दर्शन किया। उधर दूसरी ओर दूसरी ओर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में गणेशोत्सव के मौके पर आयोजित भव्य मेला के दौरान बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं के लिए आयोजित मीना बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी है। मेला में झूले और खेल तमाशे आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। गणपति बप्पा महोत्सव के पांचवें दिन श्री राधेकृष्ण यूथ संगम के कार्यकताओं क्रमशः शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता,आकाश रक्षित, उत्तम सोनी, अभिनव गुप्ता, उत्तम कुमार,राकेश साहू, अर्चित गुप्ता, आशीष सोनी, अमित कुमार, शुभम गुप्ता, आशीष महतो, सौरभ खन्ना, आकाश रक्षित, प्रेम गुप्ता, अजय साहु, संकित मंगल, रविंद्र, विकास कुमार,प्रीतम महतो, प्रिंस पांडे, राजन दुबे, गौतम गोप,गोलू यशवंत, ऋतिक, रौनक, अभिजीत, रवि, तुषार, दीपक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अखिल भारतीय भुईयां समाज करम पूजा पर “झकझोर-झूमर” कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सामूहिक नृत्य झारखंड की गौरवमयी संस्कृत-सभ्यता का प्रतीक : शेफाली



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति द्वारा सांस्कृतिक धरोहर करमा पूजा के उपलक्ष्य पर सदर प्रखण्ड स्थित अमृतनगर उच्च विद्यालय के मैदान में दिन गुरूवार को “झकझोर-झूमर” कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई तथा प्रतिभागियों का हौसला बढाया। यहां समिति द्वारा फुलमाला एवं बुके भेंटकर सहदय उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान झकझोर-झूमर में प्रतिभागियों के संग करमा पर्व की रिकार्डेड संगीत एवं मंदार की थाप पर थिरक कर हौसला बढाया। एक से बढकर एक बालिका समूह के द्वारा समूहिक नृत्य प्रस्तुत कर जमकर धामाल मचाया गया एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। संस्कृतिक समूहिक नृत्य से झारखंड की गौरवमयी संस्कृति एवं सभ्यता को जीवंत किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संबोधन में कहा कि झकझोर झूमर कार्यक्रम से अपनी संस्कृति को बढावा देने का काफी अच्छा सकारात्मक पहल है। इससे एक मंच पर वृहद पैमाने पर संस्कृतिक नृत्य का होना बहुत ही बड़ी बात है। सफल आयोजन के लिए अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति को बहुत- बहुत शुभकामनाएं। मौके पर अखिल भारतीय भुईयाँ समाज कल्याण समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनुलाल भुईयां, जिलाध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, स्टेरिंग कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र राम, जिला उपाध्यक्ष अशोक राम, भोला राम, जिला महासचिव रंजीत कुमार, जिला सचिव हीरा राम, जिला उपसचिव भिखु राम, जिला प्रवक्ता बुधन राम, जिला महामंत्री सियाचरण राम, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम राम, महिला जिला अध्यक्ष रीना देवी, महिला जिला सचिव लक्ष्मी देवी, जिला युवा अध्यक्ष राजु राम, जिला युवा सचिव हिरामन राम एवं युवा उपाध्यक्ष कुलदीप राम सहित कई लोग शामिल रहे।

## करमा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण पर्व है : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा अमृत नगर के उच्च विद्यालय मैदान में करमा पूजा के उपलक्ष्य में भव्य झकझोर-झूमर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता हर्ष अजमेरा शामिल हुए। समिति के पदाधिकारी के द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया जिसके बाद श्री अजमेरा ने करमा पूजा स्थल पर पहुंचकर क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की। करमा पूजा, जो भुईयां समाज की प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है, उसे समर्पित इस आयोजन में समाज की सांस्कृतिक विविधता को लोक नृत्य, संगीत और परंपराओं के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। झकझोर-झूमर” कार्यक्रम में भुईयां समाज की सांस्कृतिक धरोहर को पारंपरिक झूमर नृत्य, लोकगीत और करमा पूजा से जुड़े अनुष्ठानों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। नृत्य और संगीत के माध्यम से समाज के लोगों ने अपनी परंपराओं और मूल्यों का प्रदर्शन किया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर भारतीय भुइयां समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष नुनूलाल भुइयां, जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, जिला महासचिव रणजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मंच पर मौजूद रहें। मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने कहा की करमा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें प्रकृति के साथ हमारे गहरे संबंध की याद दिलाता है।

## मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बरकनगांगो में गुरुवार को किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिन्हा, एएनएम सुमन सिन्हा एवं रेणु देवी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहिया साथी बसंती देवी ने किया। कार्यक्रम में 10 से 19 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान सहिया साथी बसंती देवी ने बताया कि यह कार्यक्रम हर 3 माह पर किया जाता है ।वहीं बच्चों को पोषण,मानसिक स्वास्थ्य ,नशाखोरी ,सोशल मीडिया, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य,चोट एवं हिंसा तथा गैर संचारित रोगों के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया।कहा कि स्वास्थ्य विभाग से सेनेटरी नैपकिन पैड नि :शुल्क बच्चियो को दिया जा रहा है ।वहीं एएनएम सुमन सिन्हा ने बच्चियों को माहवारी स्वच्छता पर विस्तृत रूप से जानकारी दी । एएनएम रेणु देवी ने सभी बच्चों को एनीमिया होने के कारण,लक्षण एवं बचाव के उपाय बताया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सभी बच्चे अपने शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में विशेष ध्यान रखें। स्वस्थ रहने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं बच्चों का हाइट ,वेट व हीमोग्लोबिन का जांच किया गया। इस कार्यक्रम में साथिया दिनेश्वरी कुमारी, पूजा कुमारी ,कल्पना कुमारी, प्रीति कुमारी ,सहिया दीदी हेमंती दीदी ,सहायक शिक्षक सुनीता देवी संजय कुमार, सुनील कुमार ,चंदन मोदी, सकलदेव पासवान आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दारू प्रखंड में हर्ली फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, 32 टीमों ने भाग लिया



**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के तत्वाधान में दारू प्रखंड के हर्ली फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया 32 टीम के प्रतिभागियों ने भाग लिया। नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा का आगमन हुआ। कार्यक्रम में श्री राणा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश के कर्णधार हैं युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार होना समाज को एक अद्भुत अनुभूति देता है देश सेवा के लिए युवा दृढ़ और संकल्पित हो। युवा देश का ही नहीं विदेशों में भी भारत का प्रतिनिधित्व एवं परचम लहरा रहा है। तत पश्चात नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के द्वारा कुल 32 टीम के खिलाड़ियों के बीच जर्सी देकर मनोबल बढ़ाया गया। कर्यक्रम मे उपस्थित उमेश यादव, धनजय पांडेय, सतीश पांडेय जगदेव राणा, अनुज यादव, विक्की सिंह संजय,समीर, आदि कई लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक समाज ही सच्चा शिल्पकार होता है : बीएन साह



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 12 सितम्बर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सह महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया । तत्पश्चात विभाग के सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से केक काटकर शिक्षक दिवस मनाएं । छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान ,कविता ,पहेली एवम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया और कहा की शिक्षक समाज के सच्चा शिल्पकार होता है । वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ( डॉ)रंजन कुमार ने सभी छात्रों की हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा की शिक्षक वह पथ- प्रदर्शक होता है जो हमे किताबी ज्ञान ही नहीं ,बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है । विभाग के अनिल कुमार केशरी, डॉ रचिता सिंह , उदय प्रसाद एवं अन्य व्याख्याताओं ने भी शिक्षक दिवस पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए ।

### अमित साहू तीसरी बार बने फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष



**रामगढ़।** फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024 -25 के लिए नॉर्थ रीजन से अमित साहू लगातार तीसरी बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर अमित साहू ने कहा कि हमेशा से उद्योग व्यवसायों के समाधान के लिए प्रयासरत रहा हूं और आगे भी रहूंगा। श्री साहू ने कहा कि इस क्षेत्र के आम जनता के लिए रेलवे सहित कई अन्य मुद्दों पर गंभीरता से अपनी बातों को फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के माध्यम से उचित प्लेटफार्म पर रखते हुए समाधान कराया हूं और आगे भी करने का प्रयास करूंगा। अमित साहू ने कहा कि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ हूं। इसमें रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अहम और बहुमूल्य योगदान के लिए रामगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सभी पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य साधुवाद के पात्र हैं। अमित साहू के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स, रामगढ़ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी,बाजार समिति व्यापार मंडल, रोटरी क्लब, भारत विकास परिषद, लघु उद्योग भारती, झारखंड स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, भामाशाह फाउंडेशन, वैश्य समाज, समेत कई व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शिलाडीह में, 702 आवेदन प्राप्त,210 का निष्पादन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत भवन में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो वरिष्ठ नेता जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ,केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी शामिल थे। कार्यक्रम में 702 आवेदन प्राप्त हुए।वहीं 210 का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया ।शेष आवेदन पेंडिंग है। शिविर में कई विभाग की स्टॉल लगाई गई थी। इस मौके पर पंसस ज्योति देवी, डॉ फातमा खातून, पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होनहोगा, सुरेंद्र पासवान , राजकुमार पांडेय, नसीम अंसारी, विश्वम्भर यादव,महेश कुमार , महिला पर्यवेक्षक कुमारी निभा, संतोष कुमार , रवि कुमार, महेंद्र प्रसाद, संतोष यादव, दिलीप दास समेत अन्य लोग शामिल थे।

## उपायुक्त ने दो योजनाओं में संवेदकों पर लगाया 17 लाख का आर्थिक दंड

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत कार्यकारी एजेंसी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड में दो योजनाओं ईचातु पंचायत में 98 लाख 96 हज़ार 712 रुपए की राशि से धीमन मुंडा के घर से हुडगू पत्थर तक पीसीसी पथ व कलभर्ट निर्माण तथा उसरा पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरचे में 78 लाख 24 हज़ार 10 रुपए की राशि से करमाली टोला से लावालौंग होते हुए पहाड़ी आरईओ रोड तक पीसीसी व गार्डवाल निर्माण योजना में डीएमएफटी पीएमयू टीम द्वारा की गई जांच के आलोक में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने पर संवेदक पंकज प्रसाद तिवारी रामगढ़ एवं संत कुमार गुप्ता लातेहार पर योजना की मापी पुस्त राशि का 10%, 17 लाख 72 हज़ार 72 रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही उपायुक्त ने अन्य कार्यों में इस तरह की पुनरावृत्ति होने पर संवेदकों को काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने एवं कार्यकारी एजेंसी के अभियंताओं के विरुद्ध अनुशंसात्मक कार्रवाई करने की कड़ी चेतावनी दी है।

## डिवाइन स्कूल के छात्र ने क्रिकेट चैंपियनशिप मे जीता गोल्ड मेडल

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के तुलेश्वर कुमार और चिराग चौधरी ने चतुर्थ राष्ट्रीय सॉफ्ट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता का फाइनल मैच झारखंड और मध्यप्रदेश के बीच 06 से 08 सितम्बर तक मथुरा में आयोजित किया था।वहीं जीत में प्रशिक्षक हेमन्त कुमार और पूनन कुमारी का अहम योगदान रहा।इस दौरान विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है। छात्र जिस लक्ष्य का चुनाव करते हैं उसी के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## रेलवे चला रहा माल ढुलाई के लिए हजारीबाग से 14 मालगाड़ियां

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** महीने में 240 करोड रुपए से अधिक की आमदनी होती है हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से लेकिन एक भी ट्रेन यहां से लंबी दुरी के लिए नहीं खुलती है। हजारीबाग टाउन स्टेशन से कोयले की ढुलाई के लिए प्रतिदिन 14 मालगाड़ियां देश के विभिन्न हिस्से में जाती हैं। एनटीपीसी के 22 में से 18 बिजली संयंत्र को कोयला हजारीबाग टाउन स्टेशन से भेजा जाता है। प्रत्येक दिन 8 करोड़ रुपए से अधिक की आमदनी रेलवे को कोयले की ढुलाई से हजारीबाग से होती है। वही महीने की बात करें तो 240 करोड़ रुपए से ऊपर की आमदनी सिर्फ हजारीबाग टाउन स्टेशन से हो रही है बता दे कि हजारीबाग टाउन स्टेशन को कोयले की ढुलाई के लिए पूरे मंडल में ओवरआल चैंपियन का खिताब मिल चुका है। बताया गया है कि आज रेलवे 14 मालगाड़ियां कोयले की ढुलाई के लिए चला रहा है उसकी संख्या प्रतिदिन 25 तक बढ़ाने की योजना है रेलवे के सूत्र बताते हैं की सिंगल लाइन होने के कारण मालगाड़ियों से कोयले को भेजने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन ट्रैक की दोहरीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है ऐसा जानकार बताते हैं। अब दूसरे पहलू की चर्चा करते हैं जो जाती सेवाओं से जुड़ा हुआ है। यहां से लंबी दूरी की ट्रेन शुरू करने को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने आवाज बुलंद की है, आंदोलन भी किए हैं, ज्ञापन भी दिए हैं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में जब से इस लाइन की शुरुआत हुई है रेलवे ने एक भी लंबी दूरी की ट्रेन इस रास्ते नहीं दिया है जबकि 2 साल के भीतर गोड्डा जैसे स्टेशन को करीब एक दर्जन ट्रेन मिल चुकी है। हजारीबाग झारखंड के बड़े शहरों में से एक है, बड़ा शैक्षणिक और प्रशासनिक केंद्र है, सीमा सुरक्षा बल, झारखंड पुलिस अकादमी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, पुरी भारत में प्रतिष्ठित संत कोलंबस महाविद्यालय और मंडलीय कार्यालय यहां अवस्थित हैं।

## सड़क में गड्ढों की वजह से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर किया जाम



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लेपो रोड एनएच-100 लक्ष्मी सिनेमा हॉल से आगे चतरा जाने वाले रोड के भयावह स्थिति को देखते हुए, जहां प्रतिदिन स्कूली बच्चे दुर्घटना का शिकार हो रहे थें, स्थानीय लोगों ने गुरुवार को सुबह 6 बजे जाम कर दिया। इस सड़क की स्थिति ऐसी हो गई है कि मानो की सड़क में गड्ढे नहीं गड्ढों में सड़क है। इस सड़क पर रोजाना सैकड़ों कोयले लदे भारी मालवाहक वाहन गुजरते है। जिसके कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा नो एंट्री लगाया गया है फिर भी भारी मालवाहक वाहन नो एंट्री होने के बावजूद शहर में प्रवेश करते है। जिसके कारण रात को तो परेशानी होती हीं है लेकिन दिन में भी जाम और दुर्घटनाओं का सिकार बनना पड़ता है। प्रतिदिन स्कूल के बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग गड्ढों में गिर कर चोटिल हो रहे है। लोगों का कहना है कि जब कोई बड़ा हादसा होगा तब प्रशासन की नींद खुलेगी। वहीं लगभग 5 घंटों के जाम के बाद एनएच-100 के अधिकारी पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों की समस्या सुनने के बाद, जाम हटाने का आग्रह किया।

## दुर्गा पूजा को लेकर कपका में ग्रामीणों ने की हुई बैठक

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कपका में दुर्गा पूजा 2024 धुमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार तथा संचालन पंसस डालेश्वर पंडित ने किया। इस निमित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष रघुवीर प्रसाद( सांसद प्रतिनिधि) ,सचिव विजय कुमार यादव ,कोषाध्यक्ष मंटू कुमार,उपाध्यक्ष अशोक सिंह, उपसचिव गणेश यादव, उपकोषाध्यक्ष राजीव मंडल को चुना गया ।वहीं इस बैठक में राजकुमार मंडल, घनश्याम महतो ,मनोज कुमार, राजेंद्र ठाकुर, देवनंदन कुमार,, प्रदीप प्रसाद ,पवन पंडित ,सुरेश सिंह, धनेश्वर राणा ,दीपक मंडल ,विशेश्वर ठाकुर ,जोगेंद्र यादव पुजारी, प्रकाश मंडल समेत सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिन विधि पूर्वक हुई उत्तम सत्य धर्म की पूजा

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में 12 सितम्बर को दशलक्षण महापर्व के पांचवे दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई। पांचवे दिन रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य अमराव देवी पाटनी,उत्तम पाटनी,विनोद पहाड़िया ,पंकज पहाड़िया,अरुणा जैन,डॉ शरद जैन, महावीर प्रसाद छाबड़ा,नरेंद्र छाबड़ा,हीरालाल पाटनी,राजेंद्र पाटनी, शांति लाल पांड्या राकेश पांड्या को प्राप्त हुआ । रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य पाना देवी सेठी को मिला। रामगढ़ में शांतिधारा का सौभाग्य श्याम सुंदर जैन,शुभम जैन को मिला । रांची रोड शांतिधारा का सौभाग्य जीवनमल पाटनी ,जंबू पाटनी को मिला। वहीं, भगवान पुष्पदंत स्वामी जी के निर्वाण लड्डू चढ़ने का सौभाग्य सुभाष पाटनी,वैभव पाटनी को मिला। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक जैन ने बताया कि ललित चुड़ीवाल एवं श्रीकांता गंगवाल ने धार्मिक पथ पर अग्रसर होकर तेला व्रत धारण कर प्रबल अनुमोदना के साथ सफलता पूर्वक संपन्न किया जिसके लिए समाज की ओर से खूब खूब अनुमोदना। पण्डित रमेश जैन शास्त्री,राजेश जैन ,पंकज जैन ने उत्तम सत्य धर्म के बारे में बताया की मनुष्य अनेक कारणों से असत्य बोला करता है, उनमें से एक तो झूठ बोलने का प्रधान कारण लोभ है। लोभ में आकर मनुष्य अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये असत्य बोला करता है।

## झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ का प्राचार्य पद के घोषित आंदोलन का आगाज



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सरकारी +2 विद्यालयों में प्राचार्य पद सृजन के मांग को लेकर झारखण्ड +2 शिक्षक संघ ने राज्यव्यापी आंदोलन प्रारंभ किया है। जिसके तहत राज्य के सभी प्लस टू विद्यालयों में कार्यरत सभी पीजीटी, प्रयोगशाला सहायक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से प्रधान शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा। संघ ने हैशटैग #Create_Principal_Post_InGovtPlus2School के साथ एक ट्विटर अभियान चलाया जिसमें मुख्यमंत्री टैग करते हुए +2 विद्यालयों में जल्द से जल्द प्राचार्य पद सृजित कर बहाली करने की मांग की गई। हजारीबाग जिलाध्यक्ष उदय शंकर मंडल ने कहा कि राज्य में गुणात्मक शिक्षा की सुनिश्चितता एवं +2 विद्यालयों के समुचित संचालन हेतु आवश्यक है कि सभी +2 विद्यालयों में नियमावली के अनुरूप प्राचार्य पद का सृजन तथा नियुक्ति हो। साथ ही, संवर्गीय वरीयता को दृष्टिगत रखते हुए +2 विद्यालयों के संचालन का दायित्व +2 शिक्षक को ही दिया जाय। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि एक तरफ सरकार +2 विद्यालयों को उत्कृष्ट और आदर्श विद्यालय बनाने का दावा कर रही है तो वहीं दूसरी ओर इन विद्यालयों का प्रशासन संभालने वाले प्राचार्य पद की नियुक्ति तो दूर की बात उन पदों का दशकों से सृजन भी नहीं किया है।

## बरकनगांगो में जेएमएम का पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

**बरकट्ठा ।** प्रखंड अंतर्गत बरकनगांगो के बाजार टांड स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड सचिव साबिर अंसारी ने किया तथा संचालन झामुमो नेता बिरेंद्र यादव द्वारा किया गया। बैठक में झामुमो का पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष लियाकत अंसारी, सचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव,उपाध्यक्ष गंगाधार महतो, मणिलाल महतो, जगलाल यादव ,युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष दीपक यादव,युवा मोर्चा पंचायत उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा पंचायत अध्यक्ष मथुरा पासवान,किसान मोर्चा पंचायत अध्यक्ष ,महेश्वर यादव,ओबीसी मोर्चा पंचायत अध्यक्ष विष्णुदेव यादव आदि का चयन किया गया।

## करम हमारी संस्कृतिक धरोहर भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है : जयराम महतो

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय टाइगर जयराम महतो ने 12 सितम्बर को रामगढ़ जिला में विभिन्न करम परब महोत्सव में उपस्थित होकर लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । साथ ही उन्होने करम परब की परंपरा की विशेषताएं एवं करम परब से होने वाले गुण, फायदे भाषा संस्कृति के बारे मे लोगों को विस्तृत जानकारी दी । टाइगट जयराम महतो ने कहा की करम परब को जीवंत रखने के लिए सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है । करम परब महोत्सव को लेकर मुख्य रूप से रूप खपिया रिकवा, केबी हाई स्कूल लारी, किसान हाई स्कूल डभातु गोला तथा दुलमी बाजार टांड में लोगों को संबोधित कर करम परब के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकरी दी। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि प्रकृति का महापर्व करम परब हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। यह भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। प्रकृति के प्रति लोगों का यही प्रेम, सम्मान और समर्पण यहां चलने को नृत्य और बोलने को संगीत बना देता है। करम परब महोत्सव में मुख्य रूप से केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी समिति , जिला मीडिया प्रभारी ,प्रखंड कार्यकारिणी समिति, पंचायत कार्यकारिणी समिति, सक्रिय सदस्य के अलावा ग्रामीण जनता हजारों की संख्या में उपस्थित हुए।

## गुरहेत पंचायत में डाक चौपाल का आयोजन

**हजारीबाग।** भारतीय डाक विभाग की ओर से गुरहेत पंचायत भवन में बुधवार को डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर बतौर मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा। हमारा संकल्प डाक सेवा को जन सेवा के रूप में स्थापित करना है। यह तभी संभव है, जब हम आम जन के बीच उपस्थित होंगे। डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते हैं।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन के धक्के से घायल व्यक्ति की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बरटोली में अज्ञात वाहन के धक्के से घायल डेम्बु टोली निवासी रामेश्वर सिंह की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद उसके परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव जबरन घर ले गए। बताया गया कि रामेश्वर सिंह को बुधवार सुबह अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया था। जिसके बाद इसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां देर रात इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव जबरन घर ले गए। आज सुबह जब पुलिस को इसकी सूचना मिली तब पुलिस आज सुबह इसके घर जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजी।

### गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पहुंचे सिमडेगा, गौ सेवा की शुरू हुई कवायद

**सिमडेगा।** गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन और उपाध्यक्ष राजीव गिरी गुरुवार को सिमडेगा पहुंचे। यहां जिला प्रशासन के साथ बैठक कर जिले में गौ सेवा की कवायद शुरू की। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन और उपाध्यक्ष राजीव गिरी आज सिमडेगा परिसदन सभागार में सिमडेगा डीसी और एसपी सहित जिले के गौ रक्षा से जुड़े लोगों के साथ बैठक किए। इस दौरान वे लोग सिमडेगा में गौशाला और उसके मेंटेनेश की स्थिति का जायजा लिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में गौ सेवा और गौ रक्षा के संबंध में जिला प्रशासन को कई निर्देश भी दिए। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में आज तक सिर्फ गौ रक्षा की चर्चा होती थी लेकिन आज तक इस दिशा में कभी भी कार्य नही किया गया है।

### 19 वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर महिला-पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का समापन

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 12 सितंबर 2024 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेल विभाग ,हॉकी सिमडेगा और डिवाइन हौंडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 19 वी मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 का गुरुवार को समापन हुआ। महिला वर्ग का फाइनल मैच में एकलव्य सेंटर ने आरडीसी जलडेगा को 5-0 से पराजित कर विजेता बना, पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर ए टीम ने लिटिल टाइगर बी को 3-1 से पराजित कर विजेता बना।इससे पूर्व महिला वर्ग के फाइनल मैच में सिमडेगा के विधायक भूषण बड़ा, जीप सदस्य जोसीमा खाखा एवं जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। मैच समापन के उपरांत विजेता, उपविजेता तथा तृतीय स्थान लाने वाले टीम को जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं अन्य अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# गठरी में बांधकर जनता के द्वार तक पहुंचाई जा रही है सरकारी योजनाएं : जोसिमा खाखा

*आदिवासी-मूलवासी के हक व अधिकार का सम्मान किया जा रहा है और उन्हें लाभ भी पहुंच रहा है*




**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा राज्य सरकार के साथ मिलकर क्षेत्र में विकास की जड़ें को सींचने का काम किया जा रहा है। हमारे पुरखों, बाप दादाओं के सपनों को साकार करते हुए पाकरटांड़ प्रखंड को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में विधायक द्वारा यहां के गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग माता, वयापारी सभी को ध्यान में रखा जा रहा है। आदिवासी-मूलवासी के हक व अधिकार का सम्मान किया जा रहा है। जोसिमा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आपके द्वार कार्यक्रम के जनकल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांधकर आपके दरवाजे तक ले कर जा रहे हैं। इसके अलावे आपकी समस्याओं का भी समाधान करने कर रहे हैं। जहां पहले जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था, वहां आज पदाधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांधकर आपके दरवाजे तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, डीएसडब्ल्यू सुरजमुनि कुमारी, सीओ, मुखिया दामोदर बिंझिया, पंसस प्रतिमा कुजूर, लीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, जुली सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार अपके द्वार का हुआ आयोजन

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का किया जा रहा है काम : प्रखंड प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार अपके द्वार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, थाना प्रभारी ,बीस सूत्री सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम, मोहम्द वाहिद ,मतियास बागे उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करके कार्यकर्म की शुरूआत की। मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि लोगों को पेंशन योजना, धोती साड़ी, हरा राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसे अनगिनत लोक एवं हितकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। हम सब को मिलकर क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आपके द्वार कार्यक्रम के जनकल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांधकर आपके दरवाजे तक ले कर जा रहे हैं। इसके अलावे आपकी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि शिविर के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार तक खुद चलकर पहुंच रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में तीन युवकों के मौत विधायक ने परिजनों का ढांढस बंधाया



**सिमडेगा।** केरसई में बुधवार को तीन युवक अनीश केरकेट्टा, अभिनाश टेटे और अजय केरकेट्टा की सड़क दुर्घटना में मौत की खबर पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सदर अस्पताल पहुंचे। साथ ही दिवंगत युवकों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं परिजनों को ढांढस बढ़ाते हुए इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने एवं हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। विधायक ने तीनों युवकों के शव को कफन भी ओढ़ाया। वहीं तीनो मृतक युवकों के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, जिला महासचिव सह नगर प्रभारी शशि गुड़िया,लखन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**कुरडेग।** कुरडेग-कुटमाकछार मुख्य मार्ग के डुमरडीह मिशन के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक चालक और उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गये घायलो की पहचान राम रथ यादव पिता छुटकू यादव ग्राम सुग्गाजोरी , गुलाब साय पैंकरा पिता धनेश्वर पैंकरा ग्राम मयुरनाचा दोनो थाना बागबहार छतीसगढ़ निवासी के रूप में हुई । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति कुरडेग की ओर आ रहे थे इसी बीच अत्यधिक तीब्र गति होने से बाइक पर नियंत्रण खो दिया और पक्की सड़क पर गीर पड़े जिससे दोनो के माथे पर गंभीर चोट लगी । ग्रामीणों ने दुर्घटना की सुचना कुरडेग थाना को दी । सुचना मिलते ही थाना प्रभारी श्री नवीन कुमार घटना स्थल पहुंच कर घायलों को उपचार के लिये कुरडेग अस्पताल लाये वहीं घायलों के परिजनो को सुचना दी इधर घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के वाद बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिये।

### केरसई में भव्य करमा महोत्सव को लेकर कमिटी गठित, आकाश कुमार बने अध्यक्ष



**केरसई।** केरसई में भव्य करमा महोत्सव मनाने को लेकर सरना जन जागरण सेवा समिति की बैठक दुर्गा मंडप परिसर में हुई। जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया गया जिसमें आकाश कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। करमा महोत्सव की जानकारी देते हुए कमिटी के सचिव सुरजन बड़ाईक ने बताया कि करमा महोत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है इस महोत्सव में जान डालने के लिए अगल-बगल के तो कलाकार रहेंगे ही बाहर से भी 15 कलाकारों को बुलाया गया है जो झारखंड के संस्कृति नाच गान का प्रदर्शन करेंगे। 14 तारीख को करम पूजा के बाद रात 10 बजे से नाच गान का कार्यक्रम है प्रखंड के जितने भी कलाकार हैं वह अपने ढोल मांदर के साथ कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।कार्यक्रम की सफलता के लिए गठित समिति अध्यक्ष आकाश कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद अमित कुमार, विवेक कुमार, पारस कुमार,धीरज कुमार साहू, प्रभात कुमार, पवन कुमार, शिवराम प्रसाद, समीर नाग, विकास प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, संचालक पवन कुमार ,सूरज कुमार, सचिव सुरजन बड़ाईक, प्रिंस कुमार सूर्यप्रताप, सहसचिव भरत पानिग्रहि, अनलकान्त प्रसाद, कोषाध्यक्ष विक्रम प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, पप्पू मीडिया प्रभारी राजकुमार, सुमित कुमार, सदस्य तरुण मांझी, अभिषेक कुमार, संजय प्रसाद( मुनु )सूरज कुमार, चंदन कुमार, संतोष प्रसाद, विपुल कुमार, सन्नी रवि गुप्ता गौतम कुमार, डॉ. शंभू नाथ मिश्रा, प्रमोद प्रसाद अयोध्या प्रसाद बनाये गए।

# उपायुक्त ने ईवीएम व वीवीपैट मशीन को लेकर एसपी के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेग** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में ईवीएम- वीवीपैट प्रदर्शनी सह जागरूकता से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ईवीएम डेमो सेंटर एवं मोबाइल डेमो सेंटर सफल संचालन के लिए प्रतिनियुक्ति नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन कर विशेष जानकारी दी गई। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं को ईवीएम- वीवीपैट के संचालन से अभ्यस्त कराने एवं जागरूकता के निमित 18 सितंबर से सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम- वीवीपैट का प्रर्दशन कराया जाना है। उन्होंने नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा हैंड्स ओं प्रशिक्षण बेहतर रूप से देने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्ति नोडल पदाधिकारी एवं सभी कर्मियों को सुरक्षा से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी को लोकल थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी का संपर्क साथ में रखने की बात कहीं।

### बानाबीरा पल्ली में फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्यतिथि मनी

# एक सच्चे मसीही थे शहीद फादर इग्नासीयूस बाड़ा : बिशप बरवा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बानाबीरा पल्ली परिसर में मंगलवार शहीद फा. इग्नासियुस बाड़ा की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर प्रार्थना जुलूस, श्रद्धाजंलि समारोही खीस्तयाग के लिए विशेष प्रार्थना किया गया। समारोही खीस्तयाग सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्?यक्ष बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में संपन्न कराया गया। मौके पर खुंटी बिशप विनय कंडुलना, विजी फा. इग्नासियुस टेटे, फा. पीटर मिंज, पल्ली पुरोहित कॉर्नेलियस किंडो,फादर नीलम राजेश मिंज फादर पीटर बारला,फा. बिमल किड़ो, फा. अगुस्टीन लकड़ा सहित सैंकड़ो पुरोहित उपस्थित थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी उपस्थित होकर शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा के क्रब पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर बिशप विंसेंट बरवा ने कहा कि शहीद फादर इग्नासियुस बाड़ा एक सच्चे मसीही थे। जिन्होंने मानव सेवा व समूची मसीही समुदाय के लिए न सिर्फ घर द्वार छोड़ा। बल्कि अपने प्राण तक दे दी। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा की भारी कमी है। इसलिए सच्चा चरित्र का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऊंच-नीच कहकर हमें बांटा जा रहा है। खुंटी बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि शहीद फा. इग्नासियुस ने मानव सेवा और कलीसिया को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और हमारे धर्म और समाज के लिए प्राण न्योछावर कर गए।

### उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण से संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खनन, वन प्रमण्डल, निबंधन, मत्स्य, उत्पाद, परिवहन, राज्य-कर, नगर परिषद्, विद्युत, नीलाम पत्र, एवं जिला सहकारिता विभाग की राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भू-लगान, ऑनलाइन मोटेशन, पंजी क्क सुधार, ई-रिवेन्यू कोर्ट, अवैध जमाबंदी, आपसी बंटवारा/ उत्तराधिकारी बंटवारा, आपदा प्रबंधन, दाखिल-खारीज, तहसील कचहरी एवं भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। तथा उत्तराधिकारी बंटवारा / आपसी बंटवारा से संबंधित मामलों का समय से निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आंदोलनरत काला बिल्ला लगाकर किया काम




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर झारखंड सरकार द्वारा आईएएस चयन द्वारा नियुक्ति विनियम अंतर्गत गैर राज्य असैनिक सेवा के पदों को उप समाहर्ता के पद की समकक्षता संबंधी घोषणा के विरोध के अपने आंदोलन के पहले चरण में आज झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी की।झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि हमारी लंबित मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवैया के विरोध में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ जिला इकाई सिमडेगा के पदाधिकारी गुरुवार एवं शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों के प्रति कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर संघ के पदाधिकारी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। झा.प्रा.से. संघ जिला इकाई, सिमडेगा कहा गया कि झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हूबहू मॉडल हम पर थोपा जा रहा है। झारखंड संघ शासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है परंतु यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए।

# सदर अस्पताल में डॉक्टर की उपलब्धता व व्यवस्था में जल्द सुधार हो : श्रद्धानंद बेसरा

*सिविल सर्जन ने डॉक्टरों की कमी को बताते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है इसे भरसक दूर किया जायेगा*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर अस्पताल में मरीज को देखने गए भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने अस्पताल में देखा कि ओपीडी रूम के बाहर काफी लंबी लाइन में डॉक्टर को दिखाने के लिए मरीज खड़े हैं ।बेसरा ने ओपीडी रूम में जाकर देखा वहां मरीज को देखने के लिए कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। लाइन में क्रमबद्ध खड़े लोगों से बेसरा ने पूछताछ किया तो पता चला डॉक्टर साहब के उपस्थित नहीं रहने से वे घंटों लाइन में खड़े हैं। इस संबंध में बेसरा ने पूछताछ अच्छा किया तो पता चला कि जो डॉक्टर ओपीडी रूम में बैठा हुआ था वही डॉक्टर पोस्टमार्टम करने गया हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है पता चला कि कोर्ट में भी गवाह के रूप में पेशी के लिए गया हुआ है। इस तरह का व्यवस्था को देख उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने सिविल सर्जन से मुलाकात किया एवं डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए आग्रह की ताकि मरिज अपना उपचार करवा सके। सिविल सर्जन ने डॉक्टरों की कमी को बताते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। मेरी कोशिश रहेगी की आने वाले दिनों में मरीज को बेहतर सुविधा देने के लिए भरसक प्रयास करूंगा। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के केरसई प्रखंड के अध्यक्ष मांनकी लाल उपस्थित थे।

# सरकार व जनप्रतिनिधियों ने की अनदेखी तो ग्रामीणों ने खुद से बना दिया पुल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कौन कहता है आसमान में सुराग नहीं हो सकता, जरा तबीयत से पत्थर तो उछालो यारो.. इस कहावत को चरितार्थ किया है जलडेगा प्रखंड के लंबाई करमापानी गांव के ग्रामीणों ने। सरकार और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी हुई तो 16 टोलों के ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए पुल का निर्माण कर दिखाया है। झापा के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने श्रमदान से निर्मित पुल का उद्घाटन किया। और कहा कि झापा के जीत के साथ ही सबसे पहले लंबोई नदी में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि केवल धर्म के नाम पर लोगों को उकसाने का काम करते हैं, काम से उनका कोई लेना देना नहीं है। पूरे क्षेत्र में लोग विभिन्न तरह की समस्याओं से परेशान है, लेकिन जनता की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनोस एक्का जी ने अपने कार्यकाल में कार्य करके दिखाया है और आगे भी उनके मार्गदर्शन में बेहतर काम होगा। उन्होंने कहा कि अभी भी झारखंड पार्टी जनता की समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने श्रमदान कर पुल बनाने वाले ग्रामीणों को भी बधाई देते हुए कहा कि कामचलाऊ पुल बन जाने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। खासकर मरीजों को अस्पताल पहुंचने में हो रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। साथ ही साथ छात्र भी आसानी से स्कूल कॉलेज जा पाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि इस बार बदलाव के लिए वोट करना है।

### दोनों विधानसभा सीटों पर पूरी मजबूती के साथ लड़ने के लिए तैयार झामुमो

# सिमडेगा के दोनों कांग्रेसी विधायकों ने गठबंधन धर्म का नहीं किया पालन : शफीक खान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा के पर्यटन स्थल केलाघाध में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना की अध्यक्षता में झामुमो जिला सिमडेगा की विस्तारित बैठक की गयी। इस बैठक में सिमडेगा जिला के सभी प्रखंड के पदाधिकारियों, जिला के सभी पदाधिकारियों,सभी केन्द्रीय सदस्यों, नगर समिति के सभी पदाधिकारियों, जिला समिति के सभी पदाधिकारियों के अलावे सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव लड़ने हेतु रणनीति बनाया गया। तत्पश्चात जिला कार्यकरिणी समिति के समिति का विस्तार करते हुए एक सौ इक्यावन नये सदस्यों को बनाया गया। इसके बाद इस बैठक में प्रखण्डवार बूथ कमिटीयों का समीक्षा किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा सिमडेगा जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा बहुत मजबूत स्थिति में है। बूथ से लेकर पंचायत और पंचायत से लेकर प्रखण्ड तक के पदाधिकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों को जन जन तक गम्भीरता पूर्वक पहुंचाएं। जिला समिति आप की मदद के लिए हमेशा तैयार है अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में निश्चित रूप से सिमडेगा जिला में झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहरेगा। सचिव सफिक खान ने कहा कि अगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला के दोनों विधानसभाओं में मजबूती के साथ दावा ठोकेगी पांच वर्षों तक सिमडेगा जिला के दोनों कांग्रेसी विधायक गठबंधन धर्म का पालन नहीं किए। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा हर हाल में चुनाव लड़ेगी। कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज, केन्द्रीय सदस्य मो शहीद, बिरजो कन्डुलना, नरायाण मांझी, फिरोज अली, जिला परिषद शांता रोजालिया कन्डुलना, फुल कुवारी समद, सुनिता नायक, जाफर खान, सभी वर्ग संगठन के अध्यक्ष एवं सचिव साथ ही सभी कमेटी उपस्थित थे।

